>

Title: Need to set up Sainik School in Ferozabad Parliamentary Constituency.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का अवसर प्रदान किया है । मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद के युवाओं को सेवा में जाने का अति रुझान है, परन्तु उच्च शिक्षा ग्रहण न कर पाने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है । हर मां-बाप चाहता है कि उनका बच्चा सर्वोच्चतापूर्ण शिक्षा ग्रहण करके राष्ट्र जीवन में अपना योगदान दे । मैं माननीय गृह मंत्री व रक्षा मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने बजट में 100 नए सैनिक स्कूल्स खोलने की घोषणा की है । उस घोषणा से मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद के बच्चों और युवाओं में आशा का संचार हुआ है और उन्होंने अपेक्षा की है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद में ही एक सैनिक स्कूल खोला जाए, जिससे बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें और देश की सेवा करने में अपना योगदान दे सकें ।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से सरकार से पूर्ण आशा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद में एक सैनिक स्कूल खोला जाएगा ।